संख्या:67/2026/331पू0वि0नि0/35-1-2026/35-1099/21/2025

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक: 31.03.2026

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1422/पू०वि०नि०/राज्यांश/आगणन /2025-26 दिनांक 09.12.2025, 1663 व 1664/पू०वि०नि०/राज्यांश/आगणन /2025-26 दिनांक 23.01.2026, 1730/पू०वि०नि०/राज्यांश/आगणन /2025-26 दिनांक 02.02.2026, 1929 व 1930/पू०वि०नि०/राज्यांश /आगणन /2025-26 दिनांक 10.03.2026, एवं 1972/पू०वि०नि०/राज्यांश/आगणन /2025-26 दिनांक 17.03.2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) विकास निधि योजनान्तर्गत जनपद-वाराणसी में निम्नलिखित तालिका में इंगित कार्यों की रू. 1600.10 लाख (रूपये सोलह करोड दस हजार मात्र जी०एस०टी० सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रु. 797.00 लाख (रूपये सात करोड़ सत्तानबे लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

क्र0	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	अमिनि पिचरोड गेट से भाउचरन पटेल के घर तक सड़क निर्माण।	360	14.94	7.00
2	करधना पिचरोड जियालाल पटेल के मकान से कूड़रिया बाडर तक पिच रोड़ का कार्य।	550	22.86	11.00
3	ग्राम हित्तापुर पिचरोड लल्लापुर पिचरोड से महराजपुर पिचरोड तक सड़क निर्माण कार्य।	1015	37.33	19.00
4	रसुलहाँ पिचरोड से जलिया बाबा मन्दिर होते हुए खेल मैदान तक सड़क निर्माण कार्य।	940	34.72	17.00
5	गुरुदासपुर कैलाश पाण्डेय के मशीन से लच्छापुर बाडर तक पिच रोड़ का कार्य।	1450	65.56	33.00
6	कल्लीपुर नहरा पिचरोड कल्लीपुर पिचरोड तक पिच रोड़ का कार्य।	650	26.70	13.00
7	वि0ख0 चोलापुर ग्राम कमना में धरसौना-नियार मुख्य मार्ग से कमना से अजगरा अनुसूचित जाति बस्ती तक मार्ग का निर्माण।	1600	90.19	45.00
8	वि0ख0 चोलापुर ग्राम धरसौना में वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग से बनवासी बस्ती तथा जमुना राजभर के घर होते हुए अनिल राजभर के आवास तक पक्के मार्ग का निर्माण।	1000	57.94	29.00
9	वि0ख0 पिण्डरा ग्राम शालिवाहनपुर में प्राथमिक विद्यालय से ग्रामसभा इन्दरपुर से शहीद प्रहलाद यादव के आवास तक पक्के मार्ग का निर्माण।(पिच रोड)	1400	50.49	25.00
10	विधानसभा-रोहनियां में वार्ड सं0-19 कंदवा के अन्तर्गत अमराखैरा रोड अशोक वकील के आफिस से राणा के मकान से सुबाष यादव के मकान से होते हुए अजय पटेल के मकान के आगे पहाड़ी तक रोड निर्माण का कार्य।	700	68.67	34.00
11	विधानसभा-रोहनियां के ग्रामसभा महावन में परमानन्द के मशीन से लेकर	850	57.52	29.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	पप्पू पंडित के मकान तक रोड निर्माण का कार्य।			
12	विधानसभा-रोहनियां के ग्राम बभनियांव में राजेन्द्र कुमार के मकान से जदूनन्दन पटेल के पम्पिंग सेट तक रोड निर्माण का कार्य।	750	54.70	27.00
13	वार्ड दुर्गाकुंड में डा0 शुक्ला के मकान से श्री अतुल जायसवाल के मकान तक एवं श्री राजीव कपूर, श्री शिव कुमार उपाध्याय के मकान और जवाहर कुञ्ज तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	755	55.73	28.00
14	वार्ड दुर्गाकुंड में मानस मंदिर गेट से बनकटी हनुमान मंदिर तक सड़क एवं नाली निर्माण	262.7	22.30	11.00
15	वार्ड चेतगंज में रामकटोरा से डीएवी होते हुए दारानगर त्रिमुहानी से होते हुए मैदागिन पेट्रोल पंप तक सडक एवं नाली निर्माण कार्य।	1570	120.50	60.00
16	ग्राम सभा मडैया में हित्तापुर कस्बे में सूर्य बहादुर पटेल के घर से हनुमान मंदिर तक इण्टरलाकिंग का कार्य	300	20.79	10.00
17	ग्राम सभा सकलपुर में पिच रोड से श्रीवास्तव बस्ती व गुड्डू श्रीवास्तव के घर से होते हुए सोनार बस्ती व गुड्डू वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य	376	17.85	9.00
18	ग्राम सभा हरसोस में प्रेम कुमार पटेल पुत्र घुन्नूर के घर से सटे इण्टरलाकिंग से लेकर जगधर पटेल पुत्र स्व० मुन्नी लाल के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य	500	39.03	20.00
19	ग्राम सभा कटैया में जगदीश नारायण सिंह के घर से संजय सिंह डब्ल्यू के घर से होते हुए सरकारी नलकूप कटैया तक इण्टरलाकिंग का कार्य	350	16.12	8.00
20	बाबतपुर हथिवार मार्ग से ब्राम्हण बस्ती होते हुए के० जे० कॉलेज के दूसरे गेट तक सड़क निर्माण कार्य।	400	28.75	14.00
21	ग्राम सभा कोरी में पिच रोड मार्ग से सोनकर बस्ती छविनाथ सोनकर के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	350	25.96	13.00
22	ग्राम सभा ठठरा में नन्दलाल चौरसिया के घर से मोनू दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	237	11.46	6.00
23	ग्राम सभा भीषमपुर विजयी विश्वकर्मा के घर से भीषमपुर दिलावलपुर नहर जनसम्पर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	480	41.35	21.00
24	ग्राम सभा बनकट में सीवर / नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	614	68.45	34.00
25	ग्राम सभा चुप्पेपुर / लोढ़ान में सीवर एवं सड़क निर्माण कार्य।	570	68.93	34.00
26	ग्राम सभा पिसौर में राजभर बस्ती में आन्तरिक भाग में इण्टरलाकिंग/सड़क निर्माण कार्य।	979	61.36	31.00
27	विकास खण्ड बड़ागाँव अन्तर्गत ग्रामसभा कोदई में प्रदीप सिंह के दुग्ध उत्पादन केन्द्र से दिनेश उपाध्याय के घर तक पिच रोड के निर्माण का कार्य।	850	32.61	16.00
28	विकास खण्ड पिण्डरा अन्तर्गत ग्राम सभा झंझौर में पिण्डरा ओदार मुख्य मार्ग से झंझौर हनुमान जी मंदिर से होते हुए यादव बस्ती पिण्डरा ओदार मुख्य मार्ग तक सी०सी० रोड का कार्य	1100	68.71	34.00
29	ग्राम सभा पतिराजपुर मुख्य मार्ग से उदपुर हरिजन बस्ती होते हुए मुख्य मार्ग तक सड़क नव निर्माण का कार्य (पिच रोड)	1000	43.90	22.00
30	विकास खण्ड पिण्डरा अन्तर्गत ग्राम सभा हिबरनपुर में रविकान्त गौड़ के घर से त्रिभुवन सिंह के घर तक सड़क नव निर्माण का कार्य (सी0सी0 रोड)	550	31.57	16.00
31	विकास खण्ड बड़ागाँव अन्तर्गत ग्राम सभा महिमापुर में धैकलगंज-दुर्जनपुर मार्ग से दयालापुर मुख्य बस्ती तक सड़क नव निर्माण का कार्य	330	15.15	8.00
32	विकास खण्ड बड़ागाँव अन्तर्गत ग्राम (बराई) नयेपुर में कमला पाल के खेत से विष्णु पटेल के घर तक सड़क निर्माण का कार्य	405	18.35	9.00
33	बसन्तपट्टी में चौहान बस्ती मार्ग से आंगनवाड़ी केन्द्र तक सड़क निर्माण कार्य	350	22.76	11.00
34	खेवसीपुर में रिंग रोड से विश्राम के घर तक सड़क निर्माण कार्य	800	47.78	24.00
35	रामपुर (सदलपुर) में विशाल साहनी के घर से राम जी के घर तक सड़क	200	12.78	6.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	निर्माण कार्य			
36	कोरौता में पटेल चौराहा से मन्ना के घर तक सड़क निर्माण कार्य	720	53.99	27.00
37	रमना में पुलिस चौकी से भिखारी पण्डित जी के घर तक सड़क निर्माण कार्य	900	72.30	36.00
	योग:		**1600.10**	**797.00**

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
3. प्रदेश की राजकीय कार्यदायी संस्थाओं को सेंटेज चार्ज वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-7/10-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मार्च, 2023 के अनुसार देय होगा।
4. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
6. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। प्रायोजना के निर्माण कार्यों में वास्तविक खपत (CONSUMED) हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट/ स्टील/ ग्रिट/मोरम इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक /मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 का भुगतान किया जाये।
7. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी आदेश निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
8. कार्य का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
9. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
10. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
11. संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/बुन्देलखण्ड) निधि के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
12. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार किये जायेंगे।
13. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
14. परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212(vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

15. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
16. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
17. परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाय और यदि धनराशि पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
18. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
19. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
20. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
21. कार्य स्थल पर संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/बुन्देलखण्ड) निधि के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
22. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
23. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
24. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
25. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
26. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
27. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023- 17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की द्वितीय किश्त हेतु निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जनपद/कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की वास्तविक लागत के अनुसार मांग की जायेगी। यदि निविदा के बाद कार्यो की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जायेगा।
28. प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन में आकस्मिक व्यय मद में प्रस्तावित धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका में अनुमन्य मदों पर ही नियमानुसार सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जायेगा।
29. प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित कार्य प्रावधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। प्रशासकीय विभाग द्वारा इस आशय का उल्लेख सम्बन्धित स्वीकृति आदेश में सम्मिलित किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

30. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी.
31. नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या:101/2025/726पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1099/110/2025 दिनांक 10 जून, 2025 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जियोटैगिंग के साथ पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

2- इस संबंध में **(1)** क्रमांक-7 एवं 9 के कार्य पर होने वाला व्यय रु0 67.00 लाख (रु० सड़सठ लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक-**4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-02-पिछडे क्षेत्र-789-अनुसूचित जातियो के लिये विशेष घटक योजना-03-पूर्वांचल की विशेष योजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय-24 वृहद निर्माण** कार्य के नामे डाला जायेगा एवं **(2)** शेष कार्यो पर होने वाला व्यय रु0 730.00 लाख (रु० सात करोड तीस लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक-**4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य-800-अन्य व्यय-03-पूर्वांचल की विशेष योजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय-24 वृहद निर्माण** कार्य के नामे डाला जायेगा

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

संख्या:67/2026/331पू0वि0नि0(1)/35-1-2026/35-1099/21/2025 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, वाराणसी।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0।
9- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, वाराणसी।
10- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
11- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, वाराणसी ।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, वाराणसी।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से
अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।